Publication:	**Navbharat**	**Date:**	**12.09.15**
Edition:	**INDORE**	**Pg No: 04**	

एमेराल्ड हाईट्स स्कूल ने जीती टीसीएस आईटी विज

विजेता मुंबई में होने वाले फाइनल्स में शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे

इंदौर, 11 सितबर. टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आईआईपीएस, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैंपस खंडवा रोड के समीप यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में भारत की सबसे बडी इंटर -स्कूल क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण में विभिन्न स्कूलों के 1000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया. टीसीएस आईटी विज नि:शुल्क तथा कक्षा 8 से 12 तक पढने वाले सभी हाईस्कूल छात्रों के लिए खुली थी.

रीजनल इंटरनेशनल स्कूल फाइनल्स में क्विजिंग के 5 राउण्डस के बाद द एमेराल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल के देव सेठ तथा वैभव सिंह ने टाइटल जीता. इस साल की रीजनल चैम्पियनशिप में प्रत्येक



विजेताओं को स्पेशल डिजाइन की गई ट्राफी तथा मेडल्स के साथ आईपैड एयर प्रदान किए गए जबकि सेंट पॉल्स हाई सेकेंडरी स्कूल का प्रतिनिधित्व करने वाले रुद्राक्ष तथा प्रखर को उपविजेताओं के रूप में आईपैड मिनी प्रदान किए गए. लिखित प्रारंभिक राउण्ड के बाद रीजनल फाइनल्स में जगह बनाने वाले 6 फाइनलिस्टस को भी टीसीएस द्वारा लैपटॉप बेग्स, हेडफोन,सेल्फी स्टिक्स विद ब्लू टूथ, सिपर तथा यूएसबी पेन ड्राइव जैसे पुरस्कार प्रदान किए गए. कान्टेस्ट के क्विज़ मास्टर गिरी बालासुब्रमन्यम थे. विजेताओं को अतिथि टीसीएस के वाइस प्रेसिडेंट तथा गर्वनमेंट इंडस्ट्री साल्युशंस यूनिट के ग्लोबल हेड तन्मय चक्रवर्ती ने पुरस्कार वितरित किए. इस साल भारत में 15 शहरों में प्रतियोगिता आयोजित की गई.